# सीजन की पहली बारिश ने गर्मी से दिलाई राहत किसानों के चेहरों पर देखने मिली खुशी की लहर, अनेक जगह दिखाई पड़े जल भराव के नजारे, झमाझम बारिश का अभी भी है इंतजार...

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा

चल रहे आषाढ़ माह के बीच जिस तरह बेषाख माह की तरह बड़ रही गर्मी निश्चित लोगों को हलाकान करने से नही चूक रही थें, वही प्रदेश के अनेक हिस्सों में बारिश होने की खबरे तो पड़ी व सुनी जा रही थी। मगर गाडरवारा क्षेत्र में अभी तक पानी नही गिरने से गर्मी का परा मानो पूर्णरूप से सातवे आसमान पर दिखाई दे रहा था। इस तरह गर्मी से परेशान हो रहे लोगों द्वारा शीघ्र ही बारिश होने का इंतजार किया जा रहा था। वह इंतजार गुरूवार की रात को समाप्त हो गई और सीजन की पहली बारिश के चलते लोगों को काफी हद तक जहां गर्मी से राहत मिलते हुये देखी जा रही है। वही दूसरी ओर किसानों के चेहरों पर भी खुशी भरी मुस्कान उभरने में कोई कसर नही छोड़ी गई है। मगर इसके बाद भी झमाझम बारिश का इंतजार किया जा रहा है। इस प्रकार बीते हुये गुरूवार की रात व शुक्रवार की सुबह हुई ठंडक भरी बारिश के चलते नगर के अनेक जगहों पर जल भराव के नजारे देखने मिले। इस सच्चाई को देखते हुये लोग यह बात कहने से नही चूक रहे है कि जब जरा सी बारिश के चलते सड़को पर इस तरह का हाल दिखाई दे रहा है तो जब घनघौर बारिश का दौर शुरू होगा तो क्या हाल बनेगा..? क्योंकि सीजन की पहली बारिश के चलते नगर में जहां तहां जल भराव के नजारे देखने मिली तो दूसरी बारिश का क्रम शुरू होते हुये बिजली बंद होने के चलते लोगों को अंधरे में रहने के लिये मजबूर होते हुये देखा गया। जबकि देखा जाता था कि नगर पालिका प्रशासन द्वारा बारिश का मौसम शुरू होने के पहले ही इस प्रकार की व्यवस्थाएं बनाये जाने की सोच रखी जाती है कि बारिश के मौसम में आमजन को परेशान न होना पड़े। मगर इस समय देखा जावे तो बारिश के सीजन की शुरूआत ही हुई है और नगर में अनेक जगहों पर पानी भरने के नजारे दिखाई देने से नगर पालिका प्रशासन की व्यवस्थाओं की सच्चाई उजागर होने से नही चूक पाई है। क्योंकि नगर की अनेक



कालोनियों में जल निकासी की व्यवस्था नही होने के कारण वैसे भी लोगों के घरों से निकलने वाला गंदा पानी एकत्र होते हुये देखा जाता है। इस बीच बारिश के पानी खाली पड़ी हुई जगहों से लेकर नालिया तालाब का रूप धारण करते हुये प्रतीत होने से नही बच पायेगी...? इस प्रकार से देखा जावे तो नगर के अनेक वार्डो की स्थिति भी किसी से छिपी नही है, जहां पर प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष बारिश का दौर शुरू होने के पहले नालियों की सफाई नही होने के कारण जहां वह चोक पड़ी हुई है। इस स्थिति में बगैर बारिश के ही नालियों का गंदा पानी सड़को पर बहते हुये देखा जा रहा है और बारिश के दौरान यह पानी लोगों के घरो के अंदर पहुंचने से नही चूक पाता है। यदि समय रहते हुये नगर पालिका प्रशासन द्वारा इस ओर ध्यान नही दिया गया तो निश्चित तौर से आने वाली दिनों में घनघोर बारिश का दौर चलेगा उस दौरान नगर की भयानक स्थिति निर्मित होने से नही बच पायेगी और नालियों का गंदा पानी लोगों के घरों में भरने के कारण अनेक प्रकार की नई बीमारियाँ जन्म लेते हुये देखी जावेगी? कुछ इसी प्रकार का हाल बिजली विभाग की



व्यवस्थाओं का भी देखने मि रहा है। क्योंकि बारिश के पूर्व बिजली लाईनों के सुधार कार्य तथा तारों के ऊपर लटकते हुये पेड़ो की डालियों को हटाने के नाम पर कुछ दिनों पहले बिजली विभाग द्वारा निर्धारित समय के लिये विद्युत अपूर्ति बंद करते हुये सुधार कार्य किया गया है। मगर इसके बाद भी बारिश का दौर शुरू होते हुये बिजली बंद होने के बाद कई घंटो तक नही आना निश्चित तौर से बिजली विभाग की उदासीनता या फिर सुधार कार्य के नाम पर मात्र औपचारिकता निभाने का परिणाम प्रतीत होने से नही चूक रहा है। क्योंकि बीते हुये गुरूवार शुक्रवार की दरम्यानी रात को बारिश के सीजन की पहली बरसात हुई जिसे अभी सही मायने में यह नही कहा जा सकता है कि मानसून आ चुका है। क्योंकि मौसम विभाग के जानकारों के अनुसार तो अभी मानसून की आमद के लिये कुछ दिनों का और इंतजार किये जाने की बात कही जा रहा है। मगर जिस तरह गुरूवार की रात प्री- मानसून के रूप में चंद मिनिटों के लिये हुई बारिश के चलते कई घंटों तक बिजली बंद रहने के कारण बिजली विभाग की व्यवस्थाओं की पोल खोलते हुये



देखी जा रहा है। अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि जब मानसून अपने पूर्ण शबाब पर आकर अपनी आमद देगा जब क्या स्थिति निर्मित होगी इसका अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है..? इस तरह सीजन की पहली बारिश के चलते लोगों को जहां गर्मी से राहत महसूस होते हुये देखी जा रही है तो दूसरी ओर किसानों के चेहरे भी खुशी से खिलते हुये नजर आने से नही चूक रहे है। क्योंकि किसानों के खेतों में लगी हुई मूंग फसल कटने के बाद किसानों द्वारा अब अपने खेतों में धान रोपने की तैयारियाँ शुरू कर दी गई है। मगर चल रहे आषाढ़ माह का लगभग एक पखबाड़ा बीतने को है और सूरज की तपन बैशाख माह की तरह अपना रूद्र रूप दिखाते हुये किसानों को चिंता में डालने से नही चूक रहा था। मगर बीते हुये गुरूवार की रात इन्द्रदेव ने गर्मी से राहत देते हुये अन्नदात की चिंता को भी समाप्त कर दिया गया है। सीजन की पहली वारिश का क्रम तो कमजोर ही देखने मिला है। मगर उम्मीद है कि आने वाली दिनों में झमाझम बारिश के नजारे दिखाई देने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है...?

## खबर संक्षेप

### प्रधानमंत्री कौशल केंद्र में आयोजित किया गया में विधिक साक्षरता शिविर



हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के आदेशानुसार एवं माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश / अध्यक्ष अखिलेश शुक्ला, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं तहसील विधिक सेवा समिति गाडरवारा के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश श्रीमति संतोषी वासनिक के मार्गदर्शन में बीते हुये दिवस नगर के प्रधानमंत्री कौशल केंद्र विश्व बाल श्रम निषेध दिवस एवं बच्चों के शैक्षिक स्वास्थ्य एवं अन्य कानूनी अधिकारों के उपलक्ष्य पर राजेश कुमार तिवारी प्रथम जिला न्यायाधीश गाडरवारा की उपस्थिति में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया । उक्त विधिक साक्षरता शिविर मे न्यायाधीश मा. राजेश कुमार तिवारी प्रथम अपर जिला न्यायाधीश ने उपस्थित विद्य ार्थियों को बताया कि आम लोगों को न्याय सुलभ बनाने के लिये प्राधिकरण ने कई महत्वपूर्ण योजनाएं चलाई जा रही है। मुप्त कानूनी सहायता योजना इनमें से सबसे महत्वपूर्ण योजना है। इस दौरान उन्होने बताया कि एससीएसटी वर्ग के लोग, महिलाएं, बच्चें, दिव्यांग, आपदा पीडित, अत्याचार पीडित, श्रमिक, किन्नर, कैदी और सालाना 2 लाख रूपये से कम आय वाले वर्गों के लोग मुप्त कानूनी सहायता योजना का लाभ लेने के लिए पात्र है। इसके लिये आवेदन की प्रकिया बहुत ही सरल है। किसी भी न्यायालय परिसर में स्थापित तहसील विधिक सेवा समिति में जाकर पात्र लोग इस मुप्त कानूनी सहायता के लिये आवेदन कर सकते है। वही उन्होने बताया कि अदालत में लंबित कई मामलों को मध्यस्थता एवं आपसी सहमति से भी निपटाया जा सकता है। जिसमें समय और धन की बचत तथा आपसी संबंधों में सौहार्दयता बनाए रखने के लिये मध्यस्थता एक बहुत ही अच्छा विकल्प हो सकता है । इसके अलावा समय-समय पर लगाई जाने वाली लोक अदालतों के माध्यम से भी विभिन्न मामलों का निपटारा तत्काल करवाया जा सकता है। साथ ही पीडित प्रतिकर योजना, मोटर वाहन अधिनियम, नशे की समस्या नालसा टोल फ्री नंबर 15100, साइबर अपराधों के दुष्परिणाम के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर संस्था के प्रमुख कपिल साहू द्वारा माननीय महोदय का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया गया । उक्त शिविर में संस्था से श्रीमति स्वाति जैन, सुश्री आफरीन, सुश्री मुस्कान राजपूत, सुश्री स्तुति सोनी चौधरी एवं छात्र-छात्राये एवं कार्यालयीन लिपिक श्रीमति शिखा सोनी, पैरालीगल वॉलेंटियर शेख रहीम की उपस्थिति रही एवं सहयोग प्रदान किया गया।

### पत्थर मारकर चोट पहुंचाई

गाडरवारा। नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम कामती निवासी एक वृद्ध द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया हे कि मैं पंचायत भवन में बने हुये चबूतरे पर स्थापित शिवलिंग की पूजा पाठ करता हूं। बीते हुये दिवस गांव का शशि कौरव आया और अचानक आकर गंदी गंदी गालिया देने लगा। प्रार्थी द्वारा जब गाली देना से मना किया गया तो आरोपी द्वारा पत्थर से मारपीट कर चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई।

# पुलिस की कार्यवाही ने सालीचौका क्षेत्र में चलने वाले शराब के अवैध कारोबार पर लगाई लगाम

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।



समीपस्थ सालीचौका क्षेत्र में बीते हुये लम्बे समय से जिस तरह शराब का अवैध कारोबार चलते हुये देखा जा रहा है उसका परिणाम है कि जहां युवा पीढ़ी इसकी चपेट में आकर अपने जीवन को बर्बाद करते हुये देखी जा रही है तो दूसरी ओर अनेक प्रकार के नये नये अपराध जन्म लेने से नही चूक रहे है। गांव गांव विक्रय हो रही शराब की स्थिति इस तरह बन चुकी है कि गांवों में किराना दुकानों की भांति शराब विक्रय होते हुये देखा जाना आम बात बन चुकी है..? यह बात अलग है कि पुलिस द्वारा कार्यवाही तो की जाती है मगर मात्र छोटे मोटे लोगों को पकड़ते हुये औपचारिकता पूर्ण कार्यवाही के चलते इस अवैध कारोबार पर अंकुश लग पाना असंभव दिखाई देने से नही चूक पा रहा है..? इस सच्चाई को बीते हुये दिनों हरिभूमि द्वारा प्रमुखता के साथ उजागर किया गया था। वही दूसरी ओर हाल ही में पुलिस द्वारा अवैध शराब के खिलाफ की गई कार्यवाही के दौरान पकड़ी गई 60 लीटर शराब ने हरिभूमि की खबर की सच्चाई पर मुहर लगाने में कोई कसर नही छोड़ी गई है..? अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिये जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन व उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के मार्ग दर्शन तथा नगर निरीक्षक विक्रम रजक के नेतृत्व में सालीचौका चौकी प्रभारी वर्षा धाकड द्वारा अपनी टीम के प्रधान आरक्षक हरभजन सिंह, आरक्षक हरि शंकर पटवा, जमना रजक, सुधांशु त्रिपाठी, हेमराज कुशवाह के साथ मिलकर लगभग 60 लीटर कच्ची महुआ की शराब जप्त करने के साथ साथ भारी मात्रा में लाहन नष्ट किया गया है। बताया जाता है कि मुखबिर की सूचना पर सालीचौका पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुये आरोपी संदीप पिता सुखराम धानक उम्र 20 वर्ष निवासी अर्जुनगांव खिरिया 60 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 6000 रूपये की जप्त करने के साथ लगभग 500 किलो ग्राम महुआ की लाहन नष्ट कर दारू निर्माण करने की सामग्री भी नष्ट की गई । वही आरोपी के खिलाफ 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला कायम करते हुये आरोपी गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल वांरट जारी होने से जेल भेजा गया है।

# अलग अलग जगहों पर ताश पत्तों पर हार जीत का दांव गाये हुये पुलिस ने किया गिरप्तार




हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। पुलिस द्वारा जुआरी व सटोरियों के खिलाफ चलाई जा रही धरपकड़ मुहिम के चलते बीते हुये दिनों मुखबिर की सूचना पर अलग अलग छापे मारते हुये पुलिस ने जुंआरियों सहित सटोरियों को पकड़ने में सफलता हासिल की गई है। इस संबंध में पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस नगर के सांई पैलेस के सामने पुलिस द्वारा अचानक छापा मारते हुये मौके से मनु उर्फ मनोज पिता सरमन केवट सांगई, वीरन उर्फ वीरेन्द्र पिता हरि किशन धानक शिवाजी वार्ड, विक्की उर्फ गगनदीप पिता प्रदीप जैन जवाहर वार्ड, को जुंआ खेलते हुये पकड़कर आरोपियों के पास से ताश पत्ता सहित नगदी 1250 रूपया तथा नगर के इन्द्रा काम्पलेक्स के पास जुंआ खेल रहे फुलवर पिता दीवान केवट निरंजन वार्ड, सिचन पिता दयाचंद छिपा नदी मुहल्ला, छत्तर पिता शंकर कहार नदी मुहल्ला, को भी जुंआ खेलते हुये पकडकर आरोपियों के पास से 1100 रूपया तथा सालीचौका पुलिस द्वारा भी नगर के तालाब के पास दिलीप पिता बहादुर सिंह राजपूत पनागर, सुरेश कुमार पिता दुल्लीचंद पटैल बहरावन को जुंआ खेलते हुये पकड़कर इनके पास से ताश पत्ता सहित नगदी 1150 रूपया नगदी जप्त किये गये। इसी तरह नगर के ओशो धाम के समीप चल रहे जुंआ फड पर छापा मारते हुये पुलिस ने मौके से संतोष पिता मोहन प्रजापति उम्र 43 साल निवासी शास्त्री वार्ड, गोपाल पिति कंछेदीलाल सोनी भगतसिंह वार्ड, संतोष पिता जगदीश प्रसाद सोनी उम्र 52 साल पटैल वार्ड को जुंआ खेलते हुये रंगे हाथों पकड़कर आरोपियों के पास से 52 ताश पत्ते एवं नगदी 1150 जप्त किये गये। इसी प्रकार से नगर के दाऊ बगीचा में जुंआ खेलते हुये बसोडी उर्फ डेबिट पिता जवाहर निवासी रानी लक्ष्मी बाई वार्ड, दौलत पिता नंदूलाल कुशवाहा निवासी सुभाष वार्ड, विनोद पिता बुद्धा कुर्मी सुभाष वार्ड को जुंआ खेलते हुयें रंगे हाथा पकड़कर आरोपियों के पास से ताश पत्ते एवं नगदी 470 रूपया तो सालीचौका पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम बारछी गैस एजेन्सी के पास बृजमोहन पिता हरीसिंह ठाकुर निवासी ग्राम सुदरास, गोविंद पिता सुन्दर लाल विश्वकर्मा निवासी बसुरिया, बंटी पिता प्रेम नारायण अहिरवार बसुरिया, राजकुमार पिता बीरू रझर ग्राम पुआरिया, चंद्रकांत पिता प्रेम नारायण वर्मा बसुरिया को भी जुंआ खेलते हुये पकड़कर इनके पास से ताश पत्ता सहित नगदी 380 रूपया नगदी तथा नगर के अलका टाकीज के पीछे विष्णु पिता विजय, अलोक पिता संतोष मांग, अमन पिता तुलसी मांग को जुआ खेलते हुये पकड़कर ताश पत्ता सहित नगदी 450 रूपया तथा नगर के श्याम टाकीज के पीछे विनोद पिता सताबी, कमलेश पिता अमृत लाल मांग का जुंआ खेलते हुये आरोपियों के पास से ताश पत्ते सहित नगदी 770 रूपया जप्त किये। इसी प्रकार से चीचली पुलिस द्वारा भी नगर के इन्दिरा कालोनी में चल रहे जुंआ फड पर छामा मारते हुये मौके से हल्के पिता हीरालाल पाली घूरपुर, लेखराम पिता कालूराम धानक, दिनेश पिता राजू धानक, आशीष पिता राजू लाल मेहरा चीचली को जुंआ खेलते हुये पकड़कर आरोपियों के पास से ताश पत्ते व नगदी 430 रूपया तथा मटन मार्केट के पास चल रहे जुंआ फड पर हल्के पिता डब्बू चौधरी खैरी कामती, नरेश पिता ब्रजलाल ठाकुर चांदनखेड़ा, ठाकुरदास पिता बाल मुकुंद अहिरवार वार्ड क्रमांक 5 चीचली, मोती लाल पिता कामता चौधरी को भी जुंआ खेलते हुये पकड़कर इनके पास से ताश सहित नगदी 430 रूपया तथा वही ग्राम चारगांव खुर्द गोटीटोरिया में भी पुलिस द्वारा नीलेश पिता रमेश ठाकुर,राम सिंह पिता राम किशन ठाकुर, गुड्डा उर्फ किशोरी लाल ठाकुर सभी निवासी गोटी टोरिया को जुंआ खेलते हुये पकडकर इनके पास से ताश पत्ते एवं नगदी 240 रूपया, चीचली डिपो मोहल्ला के खण्डर अनिकेश पिता पप्पू अहिरवार, रिजवान पिता रसीद खान व संजू पिता भरे ठाकुर को भी जुंआ खेलते हुये पकड़कर इनके पास से ताश पत्ते वं नगदी 400 रूपये तो वही ग्राम गांगई तालाब के पास दीनदयाल उर्फ किरकिरा पिता नीलचंद अहिरवार, भगवानदास उर्फ बड्डू ठाकुर पिता सुरेश ठाकुर, उमेश उर्फ मुण्डे पिता वंशीलाल रैकवार को ताश पत्तों पर दांव लगाते हुये पकड़कर इनके पास से ताश पत्ता सहित नगदी 570 रूपया जप्त करते हुये धारा 13 जुंआ एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

# समर्थन मूल्य पर मूंग एवं उड़द के लिए किसान पंजीयन की तिथि पांच जुलाई तक, गाडरवारा तहसील क्षेत्र के लिये निर्धारित किये स्थान




हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। राज्य शासन के किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग भोपाल के निर्देशानुसार वर्ष 2025/ विपणन वर्ष 2025- 26 में प्राइस सपोर्ट स्कीम के अंतर्गत ई- उपार्जन पर ग्रीष्मकालीन फसल मूंग एवं उड़द को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर पंजीयन के लिए ई- उपार्जन पोर्टल पर 19 जून से 5 जुलाई 2025 तक किया जायेगा। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने जिले के किसानों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए उत्पादित ग्रीष्मकालीन फसल मूंग एवं उड़द के पंजीयन कार्य के लिए संपूर्ण जिले में 54 पंजीयन केन्द्रों का निर्धारण किया है। जारी आदेश में कहा गया है कि उक्त संस्थायें समिति परिसर पर ग्रीष्मकालीन फसल मूंग एवं उड़द पंजीयन के लिए शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप किसान पंजीयन का कार्य करेंगी। किसानों की सुविधाओं को ध्यान में रखकर आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करेंगी। जारी आदेश के अनुसार मूंग एवं उड़द के पंजीयन कार्य के लिए गाडरवारा तहसील के अंतर्गत सहकारी विपणन संस्था मर्यादित खुलरी, सहकारी विपणन संस्था मर्यादित गाडरवारा, सेवा सहकारी संस्था नरवारा, वृहत्ता सेवा सहकारी संस्था गाडरवाड़ा, सेवा सहकारी संस्था महगवां खुर्द, सेवा सहकारी संस्था आड़ेगांव, आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था गोटीटोरिया, सेवा सहकारी संस्था चीचली, सेवा सहकारी संस्था सीरेगांव, सेवा सहकारी संस्था पचामा, वृहत्ता सेवा सहकारी संस्था करपगांव, प्राथमिक सहकारी समिति मर्यादित बोहानी, प्राथमिक सहकारी समिति मर्यादित चिर्रिया, प्राथमिक सहकारी समिति मर्यादित इमझिरी, प्राथमिक सहकारी समिति बसुरिया, सेवा सहकारी समिति सहावन, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित सूरना व प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित शाहपुर- गाडरवारा को निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार से सांईखेड़ा तहसील के अंतर्गत सेवा सहकारी संस्था रमपुरा, सेवा सहकारी संस्था बनवारी, सेवा सहकारी संस्था तूमड़ा व सेवा सहकारी समिति मड़गुला को पंजीयन केन्द्र बनाया गया है। जहां पर मूंग का विक्रय करने के लिये किसान 5 जुलाई तक अपना पंजीयन करा सकते है।

# नगर में अचानक सट्टे के अवैध कारोबार की गति में इजाफा बना चर्चा का विषय



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। सट्टे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिये जिला पुलिस अधीक्षक मृखागी डेका के निर्देशन में उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा तथा नगर निरीक्षक विक्रम रजक की टीम द्वारा लगातार मुहिम चलाई जा रही है। मगर बीते हुये कुछ दिनों से जिस तरह नगर के कुचबंदिया मुहल्ला में सट्टे का अवैध कारोबार गति पकड़ते हुये देखा जा रहा है उसके चलते पुलिस की कार्यवाही पर सटोरिया अजय हासिल करते हुये जान पड़ है..? इसी के चलते पुलिस द्वारा बीते हुये दिनों में अलग अलग जगहों पर छापमार कार्यवाही करते हुये अनेक सटोरियों को पकड़ते हुये उनके पास से सट्टा पट्टी सहित नगदी राशि जप्त करने में सफलता हासिल की गई है। इस संबंध में पुसिल थाने से मिली जानकारी के अनुसार नगर के रेल्वे स्टेशन के पास कन्हैया पिता राजू यादव निवासी राजेन्द्र बाबू वार्ड को सट्टा पट्टी काटते हुये पकड़कर आरोपी के पास से सट्टा पट्टी सहित नगदी 300 रूपया जप्त किये गये। इसी प्रकार से नगर के बीटीआई स्कूल के पास अयज पिता राजाराम जाटव निवासी के पास से भी पुलिस ने सट्टा पट्टी सहित नगदी 300 रूपया तथा कांच मंदिर के पास से रामकुमार उर्फ बड्डू पिता हल्के धानक निवासी ग्राम इमालिया के पास से सट्टा पट्टी सहित नगदी 320 रूपया तथा चीचली मार्ग रेल्वे फाटक के पास रज्जू पिता शुक्ल प्रसाद धानक के पास से पट्टी सहित नगदी 300 रूपया तो नगर के हनुमान वार्ड में हरि ठाकुर पिता वीरन ठाकुर के पास से पट्टी व पेन सहित नगदी 260 रूपया तथा नगर के पलोटन गंज में वीरेन्द्र पिता नन्हे सिंह राजपूत के पास से सट्टा पट्टी व नगदी 320 रूपया तथा नगर के रेल्वे स्टेशन के पास रज्जन पिता अली मंसरी निवासी जमाडा रोड को भी सट्टा पट्टी काटते हुये पकडकर आरोपी के पास से नगदी 510 रूपया जप्त किये गये। इसी प्रकार से सालीचौका पुलिस द्वारा भी पचामा रोड पर राहुल पिता विष्णु वंशकार के पास से भी सट्टा पट्टी व नगदी 200 तथा रेता मुहल्ला पानी टंकी के पास ब्रजेश पिता दौलते कहार को भी सट्टा पट्टी काटते हुये पकड़कर उसके पास से सट्टा पट्टी सहित नगदी 150 रूपया तो सालीचौका अमाडा रोड पर प्रवेश पिता रमेश वर्मा को भी सट्टा पट्टी काटते हुये पकडकर आरोपी के पास से नगदी 160 रूपया जप्त किये गये। वही सिहोरा चौकी पुलिस द्वारा ग्राम खुलरी शनि मंदिर के पास नारायण पिता बलराम काछी निवासी ग्राम खुलरी के पास से भी पुलिस ने सट्टा पट्टी सहित नगदी 480 रूपया तो सिहोरा सोसाईटी के पास से बसंत पिता बैनी प्रसाद जाटव निवासी सिहोरा को सट्टा पट्टी के साथ पकड़ते हुये पुलिस ने आरोपी के पास से 650 नगदी व सट्टा पट्टी व सिहोरा पावर हाऊस के पास सुखराम पिता निरपत जाटव को भी सट्टा पटटी काटते हुये पकडकर आरोपी के पास से पट्टी सहित नगदी 150 रूपया जप्त की गई। इसी प्रकार से चीचली पुलिस द्वारा भी नगर के बस स्टेन्ड के पास बबलू पिता राम सिंह अहिरवार डिपो मुहल्ला के पास से सट्टा पट्टी व नगदी 290 रूपया व बबलू पिता राम दायल नौरिया उम्र 55 साल निवासी बारहाबड़ा के पास से भी पुलिस ने सट्टा पट्टी व नगदी 200 तथा नगर के डोगा मुहल्ला में दुर्गेश पिता सियाराम ठाकुर के पास से भी पुलिस ने पट्टी सहित नगदी 280 रूपया तथा बस स्टेन्ड चीचली के पास पप्पू उर्फ घनश्याम पिता मेहरवान सिंह कौरव निवासी ग्राम पुंआरिया के पास से भी पुलिस ने सट्टा पट्टी व नगदी 350 रूपया नगदी जप्त किये गये। इसी प्रकार से डोगरगांव पुलिस द्वारा ग्राम कलयाणपुर में वही के निवासी अन्नीलाल पिता चतुर्भज कोरी के पास से सट्टा पट्टी व नगदी 210 रूपया जप्त किये गये। इसी प्रकार से सांईखेड़ा पुलिस द्वारा भी नगर के नाग मढिया के पास विवेक पिता हरिशंकर कोरी निवासी पटैल वार्ड गाडरवारा को अवैध रूप से सट्टा पट्टी काटते हुये पकड़कर आरोपी के पास से पट्टी सहित नगदी 230 रूपया जप्त करते हुये हुये आरोपियों के खिलाफ धारा 4 क जुंआ एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।



# आज 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर होंगे स्कूलों मे आयोजन



हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। लोक शिक्षण संचालनालय मप्र भोपाल के निर्देशानुसार पूर्व वर्षानुसार इस वर्ष भी आज 21 जून दिन शनिवार को 11 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस वृहद पैमाने पर आयोजित कर मनाया जायेगा। इस दिन क्षेत्रीय स्कूलों मे प्रातः 6 बजे से प्रातः 7.45 बजे तक सामूहिक योग प्रदर्शन आयोजित किया जायेगा। शनिवार को नगर गाडरवारा के पीएमश्री शासकीय कन्या नवीन विद्यालय मे जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति मे योग प्रदर्शन किया जायेगा। इसके अलावा ग्रामीण अंचलो के स्कूलों मे 6 वी से 12 वी तक के बच्चे स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं शिक्षकों के साथ योग प्रदर्शन करेंगे।

# डीपीसी ने किया एफएलएन रिफ्रेशर प्रशिक्षण का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा। जिला शिक्षा केंद्र से डीपीसी डॉ आर पी चतुर्वेदी ने सरस्वती उ मा विद्यालय साईंखेड़ा मे जारी कक्षा पहली एवं दूसरी पढ़ाने वाले शिक्षकों के एफएलएन रिफ्रेसर प्रशिक्षण का निरीक्षण किया गया। बताया जाता है कि चतुर्वेदी द्वारा सभी प्रशिक्षणार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि ये प्रशिक्षण शिक्षकों सहित हम सभी में नवीन ऊर्जा का संचार करते हुए बेहतर से बेहतर गुणवत्ता पूर्ण शिक्षण कार्य हेतु प्रेरित करेगा। इस दौरान उन्होंने कहा कि सभी शिक्षक नियमित रूप से उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करें। इसी दौरान निपुण प्रोफ़ेसनल पीयूष चौपेवार द्वारा भी सभी प्रशिक्षणार्थियों को एफएलएन निपुण भारत एवं मिशन अंकुर से जुड़ी महत्व पूर्ण जानकारियों से अवगत कराया एवं प्रशिक्षण से प्राप्त तकनीकों , अवधारणाओं को विद्यालयों में जमीनी स्तर पर लागू करते हुए एफएलएन के वास्तविक उद्देश्यों को प्राप्त करने की अपील की। इस अवसर पर बीआरसी संदीप स्थापक, बीएसी मनीराम मेहरा, पवन राजौरिया सहित अन्य शिक्षकगण मौजूद थें।



## संकुल स्तरीय शैक्षणिक संवाद एवं दो दिवसीय शिक्षक समस्या निवारण शिविर सम्पन्न

**शिक्षकों की समस्याओं का हुआ त्वरित समाधान**

**डिंडौरी न्यूज।** जनजातीय कार्य विभाग के सहायक आयुक्त के निर्देशन में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्राचीन डिंडौरी में प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान योजना के तहत संकुल स्तरीय शैक्षणिक संवाद कार्यक्रम एवं दो दिवसीय शिक्षक समस्या निवारण शिविर का सफल आयोजन किया गया।

इस अवसर पर योजना की प्रमुख विशेषताओं पर विस्तार से प्रकाश डाला गया और शिक्षकों को इससे होने वाले लाभों की जानकारी दी गई। शिविर में संकुल स्तर के लगभग 50 शिक्षक उपस्थित हुए और अपनी शैक्षणिक एवं प्रशासनिक समस्याओं को जिम्मेदारों के समक्ष रखा। आयोजित कार्यक्रममें नसंवेदनशीलता दिखाते हुए शिक्षकों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुना और त्वरित समाधान की दिशा में कदम उठाए। शिविर के दौरान प्रथम दिवस 27 शिक्षकों की और दूसरे दिन 13 शिक्षक और 18 शिक्षकाओं की समस्याओं का मौके पर ही त्वरित निराकरण किया गया, जिससे उपस्थित शिक्षकों में संतोष और प्रसन्नता देखी गई।

### समस्याओं का समाधान एवं प्रमुख निर्णय

शिविर में अनिल धुर्वे (प्राथमिक शाला बिजौरा) एवं श्रीमती प्रियंका परतेती (प्राथमिक विद्यालय खम्ही) की 90 प्रतिशत वेतन वृद्धि संबंधी समस्या , मंजू परस्ते की क्रमोन्नति, प्रदीप लोधी एवं ज्योति टंडिया की वेतन वृद्धि, सुनीता पटेल का क्रमोन्नति एवं वेतन वृद्धि की समस्या सुलझाया गया है। वहीं माध्यमिक शिक्षक हेमवती ठाकुर की क्रमोन्नति से जुड़ी समस्या का भी त्वरित निवारण किया गया। इसके अतिरिक्त शिक्षक लीलमन सिंह के नामांकन तथा सेवा पुस्तिका में इंद्राज की कार्रवाई पूर्ण कर दी गई। यह कार्य शिक्षकों की लंबे समय से लंबित समस्याओं में से एक था, जिसका समाधान शिविर में संभव हो सका।

### प्रबंधन एवं व्यवस्था

शिविर में गिरीश मौहारी को नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई थी, जिन्होंने शिविर की संपूर्ण निगरानी और समन्वय का कार्य कुशलता से निभाया। पदम बिल्थरे द्वारा उपस्थित शिक्षकों के अभिलेखों एवं दस्तावेजों की गहनता से जांच की गई ताकि किसी भी प्रकार की त्रुटि न रह जाए। महिला शिक्षकों की समस्याओं के निवारण हेतु विशेष रूप से महिला डेस्क की स्थापना की गई, जिसका संचालन सुमन तिवारी, सुजाता धुर्वे एवं रामकुमार तेकाम के संयुक्त सहयोग से किया गया। महिला डेस्क पर महिला शिक्षकों ने अपनी समस्याएं निःसंकोच साझा कीं और उन्हें संतोषजनक समाधान प्राप्त हुआ। विद्यालय प्रबंधन और अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के शिक्षक समस्या निवारण शिविर से शिक्षकों को अपनी शैक्षणिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करने में सुविधा होगी और वे बिना किसी चिंता के अपने कर्तव्यों पर ध्यान केंद्रित कर सकेंगे। इससे निश्चित रूप से शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा और शासन की जनमन योजना एवं प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान योजना के उद्देश्य भी सार्थक होंगे।

---

पद और अधिकारों का दुरुपयोग कर फर्जी दस्तावेजों धारकों को नौकरी में किया बहाल, आरटीआई के तहत प्राप्त दस्तावेजों में हुआ खुलासा

# सहायक आयुक्त संतोष शुक्ला पर दर्ज होगी एफआईआर, सिटी कोतवाली में शिकायत दर्ज

डिंडौरी न्यूज।

जिले में लंबे समय तक पदस्थ रहे सहायक आयुक्त संतोष शुक्ला के काले कारनामों की पोल खुलने लगी हैं। जनजातीय कार्य विभाग डिंडौरी में स्कूलों मरम्मत, खरीदी, सप्लाई के साथ ही अटैचमेंट और अलाटमेंट में बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़ा हुआ है। इसके साथ ही सहायक आयुक्त डॉ. संतोष शुक्ला पर पद और अधिकारों का खुला दुरुपयोग किए जाने के मामले भी जगजाहिर हैं। एक ऐसे ही मामले में न्यायालयीन निर्देशों की अनदेखी कर फर्जी डीएड डिप्लोमा धारक शिक्षकों को सेवा में बहाल करने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। इस पूरे प्रकरण को लेकर आरटीआई एक्टिविस्ट चेतराम राजपूत ने सिटी कोतवाली डिंडौरी में लिखित शिकायत देते हुए डॉ. शुक्ला पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

शिकायत में कहा गया है कि सहायक आयुक्त संतोष शुक्ला ने अपने पद और अधिकारों का दुरुपयोग करते हुए वर्ष 2011 - 12 में फर्जी डीएड डिप्लोमा के आधार पर संविलियन करवाने वाले शिक्षकों को दोबारा सेवा में बहाल कर दिया। इनमें प्रमुख रूप से शिक्षिका आरती मोंगरे और शिक्षक संतु मरकाम शामिल हैं, जिनके विरुद्ध पूर्व में समनापुर थाना में फर्जी दस्तावेजों के उपयोग को लेकर 2018 में आपराधिक प्रकरण दर्ज किया गया था और दोनों को जेल भी भेजा गया था।

शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि बहाली के दौरान दस्तावेजों का कोई सत्यापन नहीं किया गया। यहां तक कि आरटीआई आवेदन के बावजूद संबंधित बहाली दस्तावेज भी विभाग ने उपलब्ध नहीं कराए, जिससे प्रक्रिया की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। प्रकरण की पृष्ठभूमि में डिंडौरी न्यायालय के आदेश दिनांक 19 सितंबर 2024 का हवाला दिया गया है, जिसमें साफ निर्देशित किया गया था कि डीएड डिप्लोमा की वैधता की पुनः जांच की जाए। आदेश की कंडिका क्रमांक 31 में यह भी स्पष्ट रूप से कहा गया है कि आरोपी शिक्षकों की अंकसूची कूटरचित प्रतीत होती है और विभागीय जांच अनिवार्य है, भले ही वे आपराधिक प्रकरण से दोषमुक्त हो चुके हों।

विशेष रूप से आरती मोंगरे, संतु मरकाम, अजमेर दास सोनवानी और मुकेश द्विवेदी जैसे नामों का उल्लेख करते हुए बताया गया है कि उनके प्रमाणपत्रों में समान अंक, पुराने फॉर्मेट और पदस्थ नहीं रही प्राचार्य के फर्जी हस्ताक्षर जैसे तथ्य सामने आए हैं, जिससे इनके दस्तावेजों की विश्वसनीयता संदेह के घेरे में है। डॉ. संतोष शुक्ला पर यह भी आरोप है कि उन्होंने न केवल फर्जी दस्तावेज धारकों को बहाल किया,




बल्कि निलंबन अवधि का वेतन भी दिलवाया, जिससे शासन को लाखों की आर्थिक क्षति हुई।

आरटीआई एक्टिविस्ट और पत्रकार चेतराम राजपूत ने मांग की है कि इस पूरे षड्यंत्र की गहन जांच की जाए और डॉ. संतोष शुक्ला के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जांच के दौरान वे आवश्यक दस्तावेज और साक्ष्य प्रस्तुत करेंगे। यह प्रकरण केवल भ्रष्टाचार ही नहीं, बल्कि शासकीय आदेशों की अवहेलना और न्यायिक प्रक्रिया के अपमान का भी गंभीर मामला बन गया है।

---

# आदिवासी बाहुल्य डिंडौरी जिले में ही धड़ल्ले से जारी है नकली बीज और कीटनाशक का व्यापार

निर्धारित कीमत से अधिक दामों पर विक्रय कर किसानों को ठग रहे व्यापारी

डिंडौरी न्यूज।




आदिवासी बाहुल्य डिंडौरी जिले में इन दिनों जगह जगह अमानक स्तर की धान बीज और कीटनाशकों की बिक्री धड्डुले से जारी है,कीटनाशक और बीज की मनमानी कीमत पर बिक्री कर किसानों को ठगा जा रहा हैं, जिले भर में धान की खेती का सीजन शुरू होते ही किसानों की मजबूरी का फायदा उठाते हुए बीज विक्रेता खुलेआम लूट मचा रहे हैं। दुकानों पर अमान्य और फर्जी कंपनियों के बीज बेचे जा रहे हैं, वो भी ऊँचे दामों पर और हैरानी की बात ये है कि किसानों को पक्की रसीद तक नहीं दी जा रही।

ग्रामीण क्षेत्रों से मिल रही रिपोर्ट के अनुसार, दुकानदार बीज विक्रय की सीमा से कई गुना अधिक स्टॉक छुपा कर रखे हुए हैं। न केवल दुकानों में बल्कि दो-दो बड़े गोदामों में अम्बेलिट और फर्जी कंपनियों के बीज भारी मात्रा में जमा कर लिए गए हैं। बिना रजिस्ट्रेशन, बिना गुणवत्ता जांच के इन बीजों को खुलेआम बेचा जा रहा है।

### फसल की बर्बादी, किसान कर्ज़ में डूबे

किसानों ने बताया कि इन घटिया बीजों को बोने के बाद न तो सही अंकुरण हो रहा है और न ही पैदावार। इससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है। कई किसान ऐसे भी हैं जो इस साल के नुकसान के बाद साहूकारों और बैंकों के कर्ज़ में डूब गए हैं। दुकानदार अपने लाभ के लिए किसानों की आजीविका से खेल रहे हैं।

### कीटनाशकों की मनमानी बिक्री भी जारी

लगभग हर बीज दुकान में लाइसेंस के बिना ही कीटनाशक दवाओं की बिक्री की जा रही है। किसान अज्ञानता में इन्हें खरीद रहे हैं, जिससे कई बार फसलें जल जाती हैं या मिट्टी खराब हो जाती है। इससे खेती की लागत तो बढ़ती है, लेकिन उत्पादन घट जाता है।

### कृषि विभाग की चुप्पी पर सवाल

इस पूरे प्रकरण में सबसे गंभीर बात यह है कि जिला कृषि विभाग ने अब तक न तो किसी दुकान की जाँच की और न ही कोई कार्रवाई की। अधिकारी आँख मूंदकर बैठे हैं, जिससे भ्रष्ट तंत्र को खुली छूट मिल गई है।

### किसानों की माँग – हो उच्च स्तरीय जाँच

डिंडौरी जिले के किसान संगठनों और जागरूक नागरिकों ने प्रशासन से इस घोटाले की उच्च स्तरीय जाँच और दोषी दुकानदारों पर सख्त कार्रवाई की माँग की है। किसानों का कहना है कि यदि समय रहते इस पर लगाम नहीं लगाई गई, तो आने वाले समय में हजारों किसान बर्बादी की कगार पर पहुँच सकते हैं।

---

# विद्यालय प्रवेश में आधार, समग्र, ओटीपी एवं केवाईसी की अनिवार्यता हटाने की मांग

**जयस प्रदेशाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र**

डिंडौरी न्यूज।

प्रदेश में विद्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश के लिए आधार, समग्र, ओटीपी और केवाईसी जैसी शर्तों को समाप्त करने की मांग जोर पकड़ने लगी है। इसी क्रम में जय आदिवासी युवा शक्ति संगठन (जयस) के प्रदेश अध्यक्ष इंद्रपाल मरकाम ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को संबोधित कर एक महत्वपूर्ण पत्र लिखा है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि वर्तमान प्रवेश प्रक्रिया अत्यंत जटिल होने से विशेष रूप से आदिवासी, ग्रामीण और नेटवर्कविहीन अंचलों के बच्चों को विद्यालयों में दाखिला लेने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इन बच्चों के पास मोबाइल फोन, नेटवर्क सुविधा और आवश्यक दस्तावेज न होने के कारण वे शिक्षा के अधिकार से वंचित हो रहे हैं।

मरकाम ने कहा कि शिक्षा प्रत्येक बच्चे का मौलिक अधिकार है और इस अधिकार की प्राप्ति के लिए यदि शुरुआती प्रक्रिया ही बाधक बन जाए, तो यह शासन-प्रशासन के लिए गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि देश के सर्वोच्च पदों पर बैठे महामहिम राष्ट्रपति और माननीय प्रधानमंत्री ने भी बिना इन शर्तों के शिक्षा प्राप्त कर देश का नेतृत्व किया है। ऐसे में



वर्तमान में बच्चों पर इतनी जटिलताएं थोपना उचित नहीं है।

पत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री से अनुरोध किया गया है कि प्रवेश प्रक्रिया को सरल बनाया जाए और आधार, समग्र, ओटीपी एवं केवाईसी जैसी अनिवार्य शर्तों को तत्काल समाप्त कर प्रदेश के हर बच्चे को समान रूप से शिक्षा सुलभ कराई जाए।

इंद्रपाल मरकाम ने स्पष्ट किया कि यदि जल्द कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो जयस इस मुद्दे पर प्रदेशव्यापी जनआंदोलन छेड़ेगा। पत्र को लेकर समाज के विभिन्न वर्गों से भी समर्थन मिल रहा है और लोग उम्मीद कर रहे हैं कि सरकार इस पर शीघ्र निर्णय लेगी।

---

# मेंहदवानी में बेपटरी हुई यातायात व्यवस्था, बस कंडक्टरों की लड़ाई के चलते सड़क मार्ग हुआ जाम





हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी

*पुलिस थाना मुख्यालय मेंहदवानी में शुक्रवार को लगभग 1 बजे बस टाइमिंग को लेकर दो बस कंडक्टरों के बीच विवाद शुरू हो गया और दोनो बस ड्राइवरों ने एक दूसरे से आगे जाने को लेकर बसों को मुख्य मार्ग में आड़ा तिरछा खड़ा कर दिया जिससे सड़क जाम हो गया और आवागमन बंद हो गया । मेंहदवानी शहपुरा चाबी मुख्य मार्ग में बस क्रमांक MH 15 FV 6459 और बस क्रमांक MP20 ZM 8088 के बीच चल रहे इस ड्रामे के कारण दोनों ओर वाहनों की लम्बी लाइन लग गई और वाहन चालक परेशान होते रहे। इन दिनों पुलिस विभाग की निष्क्रियता के चलते ऐसा आलम देखने को मिलता रहता है।इसी तरह रेत परिवहन कर रहे डम्फर भी मेन मार्केट में चाहे जहां खड़े कर देते हैं जिससे मार्ग जाम हो जाता है। कुल मिलाकर इन दिनों पुलिस मुख्यालय मेंहदवानी में यातायात व्यवस्था बेपटरी हो चुकी है।*

---

# पोड़ीमाल पंचायत में अपंजीकृत दुकानों को 3.33 लाख का भुगतान, जांच में खुला घोटाला, जांच के घेरे में अधिकारी

**डिंडौरी न्यूज।** जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत पोड़ीमाल में लाखों रुपए का फर्जी भुगतान करने का मामला सामने आया है। ग्राम पंचायत के द्वारा 15वें और 5वें वित्त आयोग की राशि से कुल 3.33 लाख रुपए से अधिक की राशि अवधिया फोटो कॉपी, सुधीर कुमार बैलिया और ऑनलाइन दुकान के नाम पर निकाली गई है, जबकि यह फर्में पोर्टल पर पंजीकृत ही नहीं हैं और इनकी कोई वैधता सिद्ध नहीं हो सकी है। यह घोटाला तब सामने आया जब "साईड लुक न्यूज" में प्रमुखता से समाचार प्रकाशित हुआ। खबर के आधार पर कलेक्टर के निर्देश पर जिला पंचायत डिंडौरी ने इस संदर्भ में गहन जांच की और विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की।




### ये रहा पूरा मामला?

दरअसल जांच में यह बात सामने आई कि ग्राम पंचायत पोड़ीमाल द्वारा वर्ष 2024–25 और 2025–26 के बीच कुल 15 बार अलग-अलग भुगतान किए गए, जिनकी कुल राशि 3,33,088 है। इनमें से वित्तीय वर्ष 2024—25 में 1,33,385 – 15वें वित्त आयोग से भुगतान किया गया। वित्तीय वर्ष 2025—26 में 1,26,568 – 15वें वित्त आयोग से (दूसरे चरण में) भुगतान किया गया। वित्तीय वर्ष 2024—25 में 73,135 – 5वें वित्त आयोग से भुगतान किया गया।

### भुगतान किसे और कैसे हुआ..?

बता दें कि जिन फर्मों को यह भुगतान हुआ, वे अवधिया फोटो कॉपी बृजेश, सुधीर कुमार बैलिया, सुधीर कुमार, बृजेश अवधिया को किया गया है, लेकिन चौंकाने वाली बात यह है कि ये फर्में पंचायत स्वराज पोर्टल या ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर दर्ज ही नहीं हैं, न ही इनके कोई वैध रजिस्ट्रेशन या टैक्स दस्तावेज मौजूद हैं। साथ ही अधिकांश भुगतान प्रशासनिक समय—सीमा समाप्त होने के बाद किए गए, जो नियमों का खुला उल्लंघन है।

### प्रशासन ने जताई गंभीरता, मांगा जवाब

जिला पंचायत द्वारा जांच रिपोर्ट में स्पष्ट कहा गया है कि यह सभी भुगतान संदिग्ध हैं और इनकी अनुमति किसके निर्देश पर दी गई, यह स्पष्ट नहीं है। संबंधित सचिव, जनपद अधिकारियों एवं पंचायत प्रतिनिधियों से जवाब मांगा गया है। रिपोर्ट में यह भी लिखा गया है कि यदि संतोषजनक जवाब नहीं मिलता है, तो दोषियों पर कठोर प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही भविष्य में इस प्रकार के किसी भी भुगतान को रोकने हेतु प्रणाली को पारदर्शी और डिजिटल बनाने पर भी विचार किया जा रहा है।

---

# जिले के शारदा प्रसाद को राज्यपाल ने किया सम्मानित

## विश्व सिकल सेल दिवस पर बड़वानी में राज्य स्तरीय कार्यक्रम, सिकल मित्र के रूप में उत्कृष्ट कार्यों के लिए मिला सम्मान

डिंडौरी न्यूज।



विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश के बड़वानी जिले में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल द्वारा जिले के समनापुर निवासी शारदा प्रसाद को सिकल मित्र के रूप में उल्लेखनीय सेवा कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन व्यक्तियों को दिया जाता है जिन्होंने सिकल सेल एनीमिया जैसी गंभीर अनुवांशिक बीमारी के खिलाफ जागरूकता फैलाने, संभावित रोगियों की पहचान करने, समय पर परीक्षण और उपचार में सहायता प्रदान करने में विशेष योगदान दिया है। शारदा प्रसाद ने डिंडौरी जिले के दूरस्थ और आदिवासी बहुल क्षेत्रों में लगातार सक्रिय रहते हुए न केवल रोग की जानकारी दी, बल्कि सैकड़ों जरूरतमंदों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़कर समाज में सकारात्मक बदलाव की नींव रखी। कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल श्री पटेल ने सिकल मित्रों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा सिकल सेल जैसी बीमारी से निपटने में जनजागरूकता ही सबसे प्रभावी उपाय है। सिकल मित्र समाज की रीढ़ हैं, जो चुपचाप जनसेवा में लगे हैं। राज्य स्तरीय इस आयोजन में प्रदेश भर से आए अनेक उत्कृष्ट कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया, लेकिन शारदा प्रसाद की उपलब्धि विशेष रूप से चर्चा में रही क्योंकि उन्होंने सीमित संसाधनों में भी लोगों के बीच भरोसे और स्वास्थ्य का संदेश पहुंचाया। जिले के स्वास्थ्य विभाग, प्रशासन और समनापुर क्षेत्रवासियों में इस सम्मान को लेकर गर्व और हर्ष का माहौल है। जिला प्रशासन ने भी शारदा प्रसाद को बधाई देते हुए कहा कि वे अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। जनसेवा का यह समर्पण ही उन्हें असली समाजसेवक बनाता है स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी उन्हें बधाई देते हुए कहा।

**कार्यालय बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटी मर्यादित (बी पेक्स) राई**
**पंजीयन क्रमांक 218**

क्र. / आमसभा / 2025 / राई — **विशेष साधारण आमसभा की सूचना** — दिनांक 10.06.2025

समिति के समस्त सम्मानीय सदस्यो को सूचित किया जाता है कि संस्था में विशेष साधारण आमसभा का आयोजन संस्था का पुनर्गठन किया जाकर नवीन समिति चौबीसा बनाये जाने के संबंध में समिति प्रागंड राई में दिनांक 24.06.2025 दिन मंगलवार को समय 12:00 बजे से बैठक रखी गयी है, गणपूर्ति (कोरम) के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में स्थगित सभा उसी स्थान पर आधे घण्टे पश्चात पुन: साधारण सभा की जावेगी जिसमें गणपूर्ति की आवश्यकता नही होगी

कृप्या आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है

समिति प्रबंधक
बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख
सहकारी सोसायटी मर्यादित लेम्पस राई
पंजीयन क्रमांक 218

एजेण्डा:- 1. संस्था के पुनर्गठन के संबंध में विचार।
2. अन्य विषय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से ।

## खबर संक्षेप

### झमाझम बारिश से गर्मी से मिली राहत

**तेंदूखेड़ा।** पिछले दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी को लेकर जहां आम जन जीवन प्रभावित बना हुआ था वहीं शुक्रवार के सुबह-सुबह हुई अचानक तेज वारिस से लोगों को राहत मिली है। काफी लंबे समय से राहत भरी बरसात का इंतजार किया जा रहा था। खेतों में भी बोबनी कार्य युद्धस्तर पर जारी था।इस बारिस से जहां गर्मी से राहत तो मिलेगी ही साथ ही साथ जमीनी जल स्तर में भी उठाव की संभावनाएं प्रबल हो गई है। घरेलू हेडपंपो में पानी निकल पाना संभव हो सकेगा। शुक्रवार को दिन भर बादल छाए रहने के साथ रिमझिम बारिश चलने से आम जनजीवन भी अस्त-व्यस्त रहा अधिकांश लोग घरों से बाहर ही नहीं निकले।

### गैर संस्थागत विद्यार्थियों हेतु प्रवेश प्रारंभ

**नरसिंहपुर।** शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर में शैक्षणिक सत्र 2025- 26 संस्थागत विद्यार्थियों की प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत विभिन्न संकायों में रिक्त स्थानों पर गैर संस्थागत विद्यार्थियों के प्रवेश ले सकते हैं। इसके लिए इच्छुक विद्यार्थियों से 20 जून 2025 से 24 जून 2025 तक आवेदन आमंत्रित किये जायेंगे। मेरिट सूची का प्रकाशन 26 जून को किया जायेगा। इसके पश्चात विद्यार्थी 30 जून तक प्रवेश ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर में उपस्थित होकर या सूचना पटल पर देख सकते हैं। यह जानकारी प्राचार्य शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर ने दी है।

### मानसून की दस्तक सड़कों पर भरा पानी व गंदगी



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** शुक्रवार की सुबह मानसून ने दस्तक दी और जोरदार बारिश से चारों तरफ पानी देखने को मिला। बारिश होने से गर्मी से लोगों को निजात मिला वही नगर पालिका प्रशासन के दावों की पोल भी खुलती नजर आई वारिश के साथ नालियों का मलवा सड़क पर आ गया और कई स्थानों पर गंदगी जमा हो गई तो कई जगह पानी का भराव हो गया। नगर के मध्य स्थित धनारे कालोनी गली नंबर एक मे भी पानी भर गया जिससे आने जाने मे लोगों को काफी परेशानी उत्पन्न हुई । वही कई वार्डो मे नाली का मलवा रोड पर आकर जम गया। वही जिला प्रशासन द्वारा नगर पालिका को बारिश के पूर्व नालियों की सफाई व उचित प्रबंध करने के निर्देश दिए गए थे जिनका कितना पालन हुआ पहली बारिश मे ही सामने आ गया।

### कलेक्टर ने उड़नदस्ता दलों को दिये कार्रवाई के निर्देश

# कीटनाशक गुणनियंत्रण हेतु दल गठित



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले मे खाद की कमी व कालाबाजारी को लेकर कांग्रेस द्वारा ज्ञापन सौंपा गया था जिसके समाचार प्रकाशन के बाद कलेक्टर द्वारा जिले मे डीएपी यूरिया एवं कीटनाशक व अन्य खादों पर होने वाली कालाबाजारी रोकने के लिए उड़नदस्ता दल गठित कर कार्रवाई के निर्देश दिए गए। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश मे कहा गया है कि जिले मे कीटनाशक व खादों की कालाबाजारी पर ठोस कार्रवाई करें। जिले में कृषकों को उत्तम गुणवत्ता का कृषि आदान उर्वरक बीज व कीटनाशक सुनिश्चित कराने और किसानों के अनुसार उर्वरकों का औद्योगिक एवं गैर कृषि कार्यों में उपयोग कालाबाजारी, अवैध भंडारण व परिवहन रोकने के उद्देश्य से कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने उड़नदस्ता दल गठित किया है। कलेक्टर ने जिला स्तरीय, अनुविभाग स्तरीय व विकासखंड स्तरीय दलों का गठन कर आवश्यक निर्देश दिये हैं। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन के किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के निर्देशानुसार खरीफ 2025 में 10 जून 2025 से 10 अगस्त 2025 तक उर्वरक गुणनियंत्रण अंतर्गत सघन अभियान चलाने का निर्णय लिया है। इसके अनुसार संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग मप्र के अनुसार खरीफ 2025 में 30 जून तक कीटनाशक गुण नियंत्रण अंतर्गत संघन अभियान चलाने का निर्णय लिया है।

#### कालाबाजारी पर होगी कार्रवाई

कलेक्टर ने जारी आदेश में कहा है कि गठित दल निरीक्षण के दौरान कालाबाजारी, अवैध भंडारण व परिवहन, मिस ब्रांड, लाइसेंस के बिना सामग्री विक्रय, लाइसेंस में उल्लेखित कंपनी के अलावा अतिरिक्त बिना पीसी के सामग्री विक्रय एवं निर्धारित दल से अधिक दर पर विक्रय करते पाये जाने की स्थिति सख्त वैधानिक कार्यवाही करना सुनिश्चित करेंगे। ऐसी स्थिति पाये जाने पर उर्वरक गुणनियंत्रण आदेश 1985, आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955, कीटनाशक अधिनियम 1968 एवं कीटनाशी नियम 1971, बीज अधिनियम 1966, बीज नियंत्रण आदेश 1983 के तहत संबंधित का लायसेंस निरस्त करने और पुलिस प्राथमिकी- एफआई दर्ज कराकर सख्त वैधानिक कार्यवाही करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही आवश्यक पड़ने पर अनुविभागीय राजस्व अधिकारी, तहसीलदार, पुलिस से सहयोग प्राप्त करेंगे। यदि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अनियमितताओं की स्थिति निर्मित होती है, तो इसकी जिम्मेदारी क्षेत्रीय निरीक्षक एवं वरिष्ठ कृषि


डीएपी खाद उपलब्ध कराने की मांग, सौंपा ज्ञापन

खुलेआम हो रही खाद की कालाबाजारी

विकास अधिकारी की होगी। सभी दल अनुज्ञापन अधिकारी एवं उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग नरसिंहपुर के निर्देशन में कार्य संपादित करेंगे व प्रतिदिवस प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे।

#### अधिकारियों को सौंपा दायित्व

जारी आदेश के अनुसार जिला नरसिंहपुर कार्यक्षेत्र के लिए जिला स्तरीय दल क्रमांक एक में सहायक संचालक कृषि एईटीसी नरसिंहपुर डॉ. रश्मि ठाकुर को प्रभारी, संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय कृषि अधिकारी को निरीक्षक व सदस्य, वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी श्रीमती विभा सिंह तोमर को जिला स्तरीय निरीक्षक, संबंधित क्षेत्र के निरीक्षक एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी को निरीक्षक व सदस्य एवं संबंधित क्षेत्र के कृषि विस्तार अधिकारी- कृषि स्नातक को सदस्य सहयोगी का दायित्व सौंपा है। इसी तरह जिला स्तरीय दल क्रमांक दो में सहायक संचालक कृषि- गन्ना नरसिंहपुर डॉ. अभिषेक दुबे को प्रभारी, संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय कृषि अधिकारी को निरीक्षक सदस्य, कृषि विस्तार अधिकारी पीएस कौशल को जिला स्तरीय निरीक्षक, संबंधित क्षेत्र के निरीक्षक एवं वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी को निरीक्षकध सदस्य एवं संबंधित क्षेत्र के कृषि विस्तार अधिकारी- कृषि स्नातक को सदस्य सहयोगी का दायित्व सौंपा है।

#### इनको बनाया गया प्रभारी

नरसिंहपुर, करेली एवं गोटेगांव के लिए अनुविभाग स्तरीय दल में प्र. अनु. वि. कृ. अधि. नरसिंहपुर श्रीमती शील्पी नेमा को प्रभारी, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्रीमती विभा सिंह तोमर को निरीक्षक सदस्य, संबंधित क्षेत्र के निरीक्षक एवं वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी को निरीक्षक सदस्य एवं संबंधित क्षेत्र के कृषि विस्तार अधिकारी- कृषि स्नातक को सदस्य सहयोगी का दायित्व सौंपा है। चीचली, सांईखेड़ा व चांवरपाठा के लिए अनुविभाग स्तरीय दल में अनु. वि. कृ. अधि. गाडरवारा श्रीमती पूजा पासी को प्रभारी, संबंधित क्षेत्र के निरीक्षक एवं वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी को निरीक्षक सदस्य एवं संबंधित क्षेत्र के कृषि विस्तार अधिकारी- कृषि स्नातक को सदस्य सहयोगी का दायित्व सौंपा है। इसी तरह संबंधित विकासखंड क्षेत्र के विकासखंड स्तरीय दल में संबंधित क्षेत्र के निरीक्षक एवं वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी को प्रभारी व संबंधित क्षेत्र के कृषि विस्तार अधिकारी- कृषि स्नातक को सदस्य सहयोगी का दायित्व सौंपा है।

## एनसीसी संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** 1 एमपी बटालियन एनसीसी जबलपुर के कमान अधिकारी कर्नल समीर बोडास, केंप कमांडेंट के निर्देशन में संचालित 10 दिवसीय एनसीसी संयुक्त वार्षिक शिविर- 103 का आयोजन एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय ,नरई नाला ,ग्राम बरबटी ,जबलपुर में किया गया। सीनियर डिवीजन, सीनियर विंग, जूनियर डिवीजन और जूनियर विंग के 531 एनसीसी कैडेट्स ने फौजी प्रशिक्षण के अंतर्गत ड्रिल, वेपन ट्रेनिंग, मैप रीडिंग, फील्ड क्राफ्ट और बैटल क्राफ्ट जैसे सर्विस सब्जेक्टस का अध्ययन किया गया। सामाजिक एवं ललित कला गतिविधियों के अंतर्गत नारी सशक्तिकरण के सामाजिक संचेतक विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता, समसामयिक विषयों पर प्रश्न मंच प्रतियोगिता, निबंध और वाद विवाद प्रतियोगिताओं में युवाओं ने अपने सटीक विचार प्रस्तुत किये। एनसीसी कैडेट्स ने



एनसीसी के लक्ष्य एवं उद्देश्य, एनसीसी कैंप,हेल्थ- हाइजीन ,योगासन ,सूर्य नमस्कार, प्राणायाम ,ध्यान, अध्यात्म ,सिविल डिफेंस और अग्नि वीर आदि विषयों पर प्रशिक्षण प्राप्त किया । उल्लेखनीय है कि उक्त कैंप में एम आई एम टी के एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर मेजर डॉ पराग नेमा कैंप एडजुडेंट और लेफ्टिनेंट जितेंद्र कुमार मिश्रा ने 62 सीनियर डिवीजन एवं 45 सीनियर विंग के एनसीसी कैडेट्स सहित प्रशिक्षण प्राप्त करते हुए अलग-अलग प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर विजेता के रूप में 50 मेडल प्राप्त किये। कैडेट्स ने वॉलीबॉल, खो-खो एवं टग आफ वार जैसे खेलो में भाग लेते हुए प्रतियोगिता में विजेता का खिताब अपने नाम किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में कैडेट्स ने नृत्य, अभिनय, वादन और गायन कलाओं में अपने हुनर का प्रदर्शन किया। कैंप के दौरान मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ डायरेक्टरेट के डिप्टी डायरेक्टर जनरल ब्रिगेडियर रजनीश गौर, एनसीसी ग्रुप हैडक्वाटर जबलपुर के ट्रेनिंग अफसर कर्नल जे.डी. चैधरी , लेफ्टिनेंट कर्नल रिटायर्ड विवेक चैहान, एवं सुनील कुमार गर्ग डिविजनल वार्डन सिविल डिफेंस जबलपुर का विजिट हुआ । एनसीसी कैडेट्स द्वारा पी आई स्टाफ के प्रशिक्षण अनुरूप ब्रिगेडियर गौर को गार्ड आफ आनर प्रदान किया गया । एनसीसी की ए, बी एवं सी सर्टिफिकेट की परीक्षाओं के लिए अत्यंत उपयोगी उक्त कैंप में थल सेना, इंटर ग्रुप कंपटीशन और फायरिंग का विशेष प्रशिक्षण दिया गया।

## बंशीलाल अहिरवार का हुआ प्रदेश स्तर पर सम्मान

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** भोपाल में आयोजित अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ अजाक्स का प्रांतीय वार्षिक अधिवेशन (साधारण सभा) का हिंदी भवन भोपाल में आयोजन किया गया। जिसमें संघ के प्रांतीय पदाधिकारियों सहित प्रदेश के सभी जिलों से बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं सदस्य शामिल हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता अजाक्स के प्रांताध्यक्ष मान.जे एन कांसोटिया (आई ए एस)अपर मुख्य सचिव मध्य प्रदेश शासन (गृह विभाग) द्वारा की गई। कार्यक्रम के दौरान अजाक्स जिला नरसिंहपुर के जिला अध्यक्ष बंशीलाल अहिरवार को समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान सहित शासकीय कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं, युवाओं एवं महिला जागरूकता सहित सामाजिक जन जागरूकता व पर्यावरण संवर्धन के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र देकर प्रांताध्यक्ष महोदय मान. जे एन कंसोटिया आई ए एस अपर मुख्य सचिव मध्य प्रदेश शासन गृह विभाग द्वारा सम्मानित किया गया। बंशीलाल अहिरवार को सम्मानित होने पर अजाक्स जिला संघ नरसिंहपुर के समस्त पदाधिकारियों सदस्यों एवं शुभचिंतकों द्वारा बधाई प्रेषित की गई है।




### योग दिवस आज, बच्चों को दिया जा रहा प्रशिक्षण



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** शासकीय योग प्रशिक्षण केंद्र उत्कृष्ट विद्यालय असेंबली हाल नरसिंहपुर में नियमित योग प्रशिक्षण में देवेन्द्र कुमार ढ़मोले जिला योग प्रभारी के मार्गदर्शन में श्रीमति सुमित्रा ठाकुर विकास खंड योग प्रभारी, दीपक कुमार चैबे योग प्रशिक्षक द्वारा एस, के, चतुर्वेदी अध्यक्ष जिला योग समिति नरसिंहपुर की विशेष उपस्थिति में योगाभ्यास कराया जा रहा है। 11 वे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने हेतु इस प्रशिक्षण केंद्र के बच्चों द्वारा योग प्रदर्शन हेतु नियमित योगाभ्यास किया जा रहा है। ज्ञातव्य हो कि इस केंद्र में प्रातः 6:30 से 8 बजे तक नियमित योगाभ्यास कराया जा रहा है, जो निरंतर वर्ष भर कराया जाता है। प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल के मुख्य आतिथ्य में 11 वां अंतर्राष्टीय योग दिवस का कार्यक्रम बरमान स्थित दीपेश्वर मंदिर में आयोजित किया जायेगा।

### आत्म सुरक्षा हेतु दो दिवसीय जूडो प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जीवन में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा बहुत आवश्यक है और यह प्रतिस्पर्धा विशेष कर खेलों में मुख्य रूप से देखी जाती है किसी भी खेल से जुड़ने पर बच्चों में अनुशासन और एक दूसरे के प्रति सहयोग की भावना तो जागृत होती ही है साथ ही साथ बच्चों में शारीरिक विकास के साथ-साथ मानसिक विकास भी होता है और एकाग्रता भी बढ़ती है इसी भावना से ओतप्रोत भारत विका परिषद के आदर्श एवं प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद की स्वस्थ समर्थ संस्कारित एवं विकसित भारत की परिकल्पना को पूर्ण करने के उद्देश्य से भारत विकास परिषद नरसिंहपुर की दोनों शाखाओं के संयुक्त तत्वावधान में 8 से 18 वर्ष के बीच के बच्चों के लिए जागरूकता अभियान के तहत दो दिवसीय आत्म सुरक्षा हेतु जूडो प्रशिक्षण शिविर का आयोजन असेंबली हॉल में किया गया। जिसमें जुडो मास्टर ट्रेनर अशोक नामदेव द्वारा बच्चों को आत्म सुरक्षा हेतु डेमो द्वारा विभिन्न प्रकार की टेक्निक एवं ट्रिक्स बताई गईं। मुख्य रूप से इस शिविर को सफल बनाने में जूडो प्रशिक्षक अशोक नामदेव का सहयोग रहा।



## पार्किंग व्यवस्था नहीं होने के कारण आवागमन में हो रही परेशानी



**तेंदूखेड़ा।** इन दिनों तेंदूखेड़ा में पार्किंग व्यवस्था परेशानी का कारण बनीं हुई है। शनिवार को भरने वाले साप्ताहिक बाजार में बाहर गांवों से आने वाले ग्राहकों को निजी बाहन खड़े करने में कुछ ज्यादा ही परेशानियों का सामना करना पड़ता है। पुराने बस स्टैंड से लेकर बाजार स्थल तक लोग बाग अपनी मोटरसाइकिल कहीं भी खड़ी करके चलते बनते हैं। खरीद दारी करने के उपरांत ही वापस लौट पाते हैं।इस व्यवस्था से दुकानदार परेशान हो जाते हैं।उनकी ग्राहकी पर भी असर पड़ता है। जबकि बाहर से आने वाले ग्राहक वर्ग का कहना है कि पार्किंग की कोई उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण अपने अपने वाहन मजबूरीवश कहीं भी खड़े करके जाना पड़ता है। इसके लिए अलग से एक कहीं निर्धारित एक स्थान बन जाना चाहिए।इस व्यवस्था से जहां आवागमन सुरक्षित हो सकेगा दुकान दारों की भी समस्याएं कम होगी और बाहन चालकों की भी असमंजस की स्थिति समाप्त हो जायेगी। नगर के पुराने बस स्टैंड पर उक्त छोटे बाहनों के कारण भारी बाहनों को भीड़ के बीच में निकालना परेशानी दायक हुआ करता है आये दिन हाट टांक की स्थिति भी बनतीं है। कपड़ा व्यवसाई टिंकू अग्रवाल का कहना है कि शनिवार के दिन सामने तरफ दुकानें लग जाने तथा मोटरसाइकिलें खड़ी हो जाने के कारण ग्राहकी प्रभावित हुआ करती है।



#### मंगल भवन और पुराने पुलिस थाना परिसर में खड़े करते हैं बाहन

मुख्य साप्ताहिक बाजार में संकीर्णता पूर्ण माहौल होने के कारण बाहन बाजार में खड़े नहीं हो पाते हैं। वैसे भी बाजार में सब्जी के अलावा कपड़ा किराना सहित बड़ी संख्या में दुकानें लगा करतीं हैं। पूर्व में लगने वाला मवेशी बाजार भी अब खत्म सा हो गया है। मजबूरी वश लोग मंगल भवन और पुराने पुलिस थाना परिसर में अपने वाहन खड़े किया करते हैं।

#### आदतों पर नहीं लगा विराम

पुराने बस स्टैंड से मंडी तरफ को जाने वाली मुख्य सड़क मार्ग को चौड़ा बन हो जाने के बाबजूद भी लोगों की आदतों में सुधार नहीं हुआ है मनचले ढंग से बाहन खड़े करके जाना अभी भी लोगों की आदतों में शामिल हो गया है।इस मुख्य सड़क मार्ग से भारी बाहनों का आना जाना हमेशा लगा रहता है।

#### बैंकों के सामने नहीं है पार्किंग व्यवस्था

नगर में संचालित विभिन्न राष्ट्रीयकृत बैंकों में बाहर तरफ पार्किंग व्यवस्था ना होने के कारण आये दिन आवागमन प्रभावित हुआ करता है वहीं दुकानदारों और ग्राहकों के बीच भी हाट टांक हुआ करती है। चूंकि सभी बैंक इसी सड़क मार्ग पर संचालित है।लेन देन के दौरान वाहनों को खड़ा करके जाना समय ज्यादा होने या अधिक भीड़ भाड़ के कारण आवागमन ज्यादा ही प्रभावित हुआ करता है।